Title: Request the Government to direct the Food Corporation of India (FCI) to procure the paddy at the Minimum Support Price (MSP) in Punjab.

श्री जगमीत सिंह बराड़ (फरीदकोट) : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की तरफ दिलाना चाहता हूं। वैसे तो इस सरकार के कार्यकाल में किसानों की हालत सारे देश में बहुत बदतर हो गई है इसलिए किसान खुदकुशी के लिए मजबूर हो गये हैं। मेरा कहना है कि फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से पंजाब सरकार को एक पत्र लिखा गया है। उस पत्र में कहा गया है कि alone the FCI should procure paddy under the Minimum Support Price. इससे स्टेट में बुरी हालत हो जायेगी क्योंकि फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया, पंजाब जो सैंट्रल पूल में सबसे ज्यादा व्हीट और पैडी देता है, उसको प्रोक्योर किया करते थे। पिछले वर्ष प्रोक्योरमैंट देर से होने से, बारिश पड़ने से किसान की पैडी मंडियों में कौड़ियों के भाव रुल गई और अब उनका यह बयान आता जिसके ऊपर भाजपा के मंत्री और मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी की है कि They have described it as an irresponsible act of the Indian Government. यह बात पंजाब सरकार के मंत्री और मुख्यमंत्री ने कही है। मैं आपके जरिये सरकार को यह विनती करना चाहता हूं, चार सीनियर मंत्री यहां पर विराजमान हैं, कि यह देश के अन्नदाता का सवाल है और सबसे ज्यादा पंजाब का किसान देश के लिए अन्न देता है। इसलिए फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया को यह हिदायत देनी चाहिए कि पंजाब की मंडियों में सितम्बर में जो पैडी आने वाली है, उसे मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर परचेज करे ताकि वहां के किसान की हालत जो पहले ही बहुत बुरी है, वह और ज्यादा न खराब हो।